मिलीभगत

घटिया निर्माण और कछुआ चाल से परेशान किसानों ने की तहसीलदार बैठाने की मांग, इंजीनियर और ठेकेदार पर संगामिती का आरोप

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा उपतहसील भवन देवरीकला





**नारायणगंज, नवभारत।** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम देवरी कला में निर्माणाधीन उपतहसील भवन भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। पिछले एक वर्ष से कछुए की चाल से चल रहा यह निर्माण कार्य न केवल धीमी गति से हो रहा है, बल्कि इसकी गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष संदेश जायसवाल और महामंत्री संतोष बर्मन सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द तहसीलदार कार्यालय शुरू करने की मांग की है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि पीआईयू के सब इंजीनियर और एसडीओ की ठेकेदार के साथ कथित मिलीभगत के चलते लीपापोती का कार्य किया जा रहा है। निर्माण में तकनीकी मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कॉलम और बीम की सेटिंग एक साथ नहीं लगाई गई है, जिससे वे एक लेवल में नहीं दिख रहे हैं। गिट्टी, रेत और सीमेंट का मसाला गुणवत्ताविहीन है और लोहे का उपयोग भी निर्धारित मात्रा में नहीं किया गया है। वाइब्रेटर का प्रयोग न करने से बीम कमजोर हैं और गड्ढों की गहराई भी पर्याप्त नहीं रखी गई है, जिससे भविष्य में भवन में दरारें आने का खतरा बढ़ गया है।

### किसानों की बढ़ती मुश्किलें

ग्रामीणों का कहना है कि उपतहसील घोषित हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन मुख्यालय में तहसीलदार के न बैठने के कारण किसानों को छोटे-छोटे कार्यों जैसे फौतीनामा, बंटवारा और सीमांकन के लिए तहसील मुख्यालय निवास के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इससे किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं, जबकि कई राजस्व प्रकरण न्यायालय में लंबे समय से लंबित पड़े हैं।

### ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

मंडल अध्यक्ष एवं समस्त ग्रामीण जनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भवन निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कर तत्काल तहसीलदार कार्यालय का शुभारंभ किया जाए। किसानों को सुविधा के लिए राजस्व प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण में सुधार और कार्यालय शुरू नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# बेकाबू बाइक ने पैदल जा रहे तीन लोगों को रौंदा

बर्राटोला में हुआ हादसा, घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर





**घुघरी, नवभारत।** घुघरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम बर्राटोला में बुधवार शाम एक सड़क हादसा हो गया. यहाँ एक तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मासूम बच्चे सहित परिवार के तीन लोग और स्वयं मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया कि रघुवीर मरावी अपने परिवार के साथ पैदल जा रहे थे, इसी दौरान भूड़कुर निवासी एक मोटर साइकिल सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। इस सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हुए हैं। जिसमें रघुवीर मरावी (28 वर्ष) पिता सुकचेन मरावी, सुशीला मरावी (22 वर्ष) पति रघुवीर, समीर मरावी (10 वर्ष) पिता अरविंद घायल हुए है। इसके साथ ही हादसे में मोटरसाइकिल सवार को भी गंभीर चोटें आई हैं।

दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मदद की और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुँचाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है और स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है।

### बेलगाम डंपर ने बाइक सवार किशोर को रौंदा

**पीपरपानी।** जिले में बेखौफ दौड़ते रेत से भरे डंपर काल बनकर सड़कों पर घूम रहे हैं। ताजा मामला पीपरपानी का है जहां एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो किशोरों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को निजी वाहनों की मदद से जिला अस्पताल मंडला पहुँचाया। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने दीपांशु का परीक्षण किया और उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसका उपचार आईसीयू में चल रहा है। महाराजपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों और डंपर के रूट की जांच की जा रही है ताकि आरोपी चालक को गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही डंपर को जब्त कर लिया जाएगा।



# 14 अप्रैल तक 6 प्रमुख संकेतकों को सौ फीसद पूरा करने का लक्ष्य

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**नारायणगंज।** आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत विकास की गति को और तेज करने के लिए संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चयनित स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि संकेतकों में ब्लॉक को संतृप्त करना है। यह विशेष अभियान 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी ब्लॉक फैलो हेमंत चन्द्रौल ने विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि अभियान के तहत तीन प्रमुख विभागों के कुल 06 संकेतकों में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामप्यार कुलस्ते, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रतन सिंह ठाकुर, नारायणगंज मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम, मंडल अध्यक्ष बबलिया संदेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य भूपेन्द्र वरकड़े, जनपद सदस्य गुलाब परस्ते, धन्नो मरावी, जमुनादेवी मरावी, महेश्वरी मरावी, रंजना मरावी, बबलू परते, संगीता कुड़ापे, सामाजिक कार्यकर्ता रतन सिंह वरकड़े, अध्यक्ष सरपंच संघ अर्जुन उइके एवं समस्त सरपंच, सचिव संघ अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं समस्त सचिव, जीआरएस अध्यक्ष संघ सुरेन्द्र परस्ते एवं समस्त जीआरएस, मोबीलाईजर अध्यक्ष संघ मदन वरकड़े एवं समस्त मोबीलाईजर, सुंदर सोनी, मृदु साहू, चिरंजीव कोकाड़िया, संतोष बर्मन, दीपक पदम, गया चक्रवर्ती समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जनपद सीईओ विनोद कुमार मरावी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और औपचारिक घोषणा के साथ किया गया।

# अनपढ़ नेता नाटिका के बीच शिक्षक सहित विद्यार्थियों को दी गई विदाई

शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**भुआ बिछिया।** भुआ बिछिया के माँझीपुर स्थित शासकीय हाई स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोहरा अवसर बन गया, जब विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मंगल दास टांडिया की सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई और सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं मंगल दास टांडिया ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा समिति अध्यक्ष विष्णु मरावी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन और वंदना से हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत और नृत्य के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण कक्षा 9वीं के छात्रों और पूर्व छात्र श्रीमन विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका अनपढ़ नेता रही, जिसने अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हँसने पर मजबूर कर दिया।

### शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा ने शिक्षक टांडिया के 40 वर्षों के अनुभव की सराहना करते हुए छात्रों को प्रेरक पंक्तियों से उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शिक्षक राकेश नामदेव ने टांडिया जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्मठ शिक्षक के साथ-साथ सामाजिक और रंगमंच का धनी बताया। शिक्षक भुवन लाल श्रीवास ने भी छात्रों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### विद्यार्थियों का किया सम्मान

कक्षा 10वीं के छात्र निखलेश तेकाम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहाँ के शिक्षकों ने माता-पिता की तरह हर समस्या में उनका साथ दिया। पिछले दो वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर छात्रों को विशेष टाइटल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कक्षा 10वीं के छात्रों ने भी विद्यालय को अपनी ओर से एक स्मृति प्रतीक भेंट किया।

सेवानिवृत्त शिक्षक मंगल दास टांडिया ने अपने बाल्यकाल से शिक्षक बनने तक के संघर्षपूर्ण सफर को साझा किया। उन्होंने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु 1,000 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की और कहा कि वे सदैव विद्यालय की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षक अंजुला पटेल, कृष्णा धुर्वे, रजनी झा सहित भूतपूर्व छात्र एवं कुंवर शाह मरावी, विक्रांत तेकाम, अक्षय राजपूत व सौरभ तेकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कविता विश्वकर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन राकेश नामदेव द्वारा किया गया।

# ग्राम पंचायत अलोनी में आरसेटी का जूट उत्पाद प्रशिक्षण आयोजित

**अमरपुर, नवभारत।** जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), डिंडोरी द्वारा संचालित जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एस. एस. समद ने कहा कि जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए आय संवर्धन का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस मौके पर परीक्षक आनंद सिंह एवं आरती अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन कर उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अलोनी के सरपंच गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।





# फाइनल में झिलमिला टीम ने पड़रिया को किया पराजित

**अमरपुर, नवभारत।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत झिलमिला में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें आस पास गांवों के अनेक टीमों ने हिस्सा लिया गया। जिसका फाइनल मुकाबला विरासनी क्रिकेट क्लब झिलमिला और पड़रिया टीम के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पड़रिया टीम ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 112 रन बनाकर झिलमिला टीम के लिए 113 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झिलमिला टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर फाइनल खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव एवं अन्य अतिथियों के हस्ते ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम झिलमिला एवं उपविजेता पड़रिया टीम को नगद राशि व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो खेल के प्रति सच्ची संवेदना दिखाई हैं। उसके लिए आप सभी खिलाड़ी बंधुओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं। आगामी समय में भी इसी तरह खेल खेलते रहे। उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा मण्डल अध्यक्ष से क्रिकेट किट की मांग की गई। जिस पर मण्डल अध्यक्ष ने दोनों टीमों को क्रिकेट किट देने को कहा गया। इसके साथ ही आगामी समय में खेल और खिलाड़ियों के लिए हर सम्भव मदद करने की बात भी कही गई। भाजपा महामंत्री राम कुमार वनवासी, ग्राम पंचायत झिलमिला सरपंच कीर्तन मरावी, ग्राम पंचायत साम्हर सरपंच कमलेश मरावी, बलराम तिलगाम, परमेश्वर यादव, सखाराम यादव, कोमल मरकाम, वीर सिंह मरकाम, मनीराम मरावी, महेंद्र कुशराम, जगत मरावी, कमला सिंह मरकाम, बलदेव सिंह धुर्वे, कुलपत सिंह मरकाम, कमल सिंह कुशराम आदि मौजूद र हे।

# खाली कुर्सी को लेकर डॉक्टर की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

शहपुरा पशु चिकित्सालय का मामला, नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग



**शहपुरा नवभारत।** पशु चिकित्सा विभाग डिंडोरी के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सालय शहपुरा में पदस्थ वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. नवल सिंह कुलस्ते की लगातार अनुपस्थिति को लेकर नगरवासियों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 फरवरी 2026 को दोपहर 2:58 बजे भी डॉ. कुलस्ते अस्पताल में अनुपस्थित पाए गए, जिससे पशुपालकों को उपचार के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों का आरोप है कि डॉक्टर अक्सर ड्यूटी समय में अस्पताल में उपस्थित नहीं रहते, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले पशुपालकों को बिना इलाज लौटना पड़ता है।

इस संबंध में अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अनुराधा पटेल से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि डॉ. कुलस्ते सुबह ड्यूटी पर आए थे, लेकिन वर्तमान में कार्यालय में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डॉक्टर छुट्टी पर नहीं हैं और यदि छुट्टी लेते हैं तो इसकी सूचना उन्हें नहीं, बल्कि डिप्टी अधिकारी को दी जाती है। बताया गया है कि रास्ते में फोन पर संपर्क करने पर डॉ. कुलस्ते ने स्वयं को किसी रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होना बताया। वहीं अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने भी पुष्टि की कि डॉक्टर सुबह आए थे, लेकिन उसके बाद कहां गए इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। मामले में जब डिप्टी डायरेक्टर, डिंडोरी से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वे भी स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। नगरवासियों का कहना है कि एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ की अनुपस्थिति पर स्पष्ट जवाब न देना और गोलमोल प्रतिक्रिया देना जांच का विषय है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डॉ. नवल सिंह कुलस्ते की ड्यूटी रिकॉर्ड की जांच कर कदाचरण का मामला दर्ज किया जाए तथा उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# कलेक्टर ने जैन मुनि से विकास कार्यों पर लिए सुझाव



**डिंडौरी, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आज जैन धर्मशाला डिंडौरी पहुंचकर जैन समुदाय के महान संत प्रमाण सागर महाराज से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने महाराज के प्रवचन स्थल पर उपस्थित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विकास कार्यों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन और सुझाव लिए। इस अवसर पर प्रमाण सागर महाराज ने नैतिक मूल्यों, जनभागीदारी और सेवा भावना के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ही जिले को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संतों के मार्गदर्शन से समाज में जागरूकता और सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है जो विकास की मजबूत आधारशिला है। वहीं महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिकारी सदैव बेहतर कार्य करने का प्रयास करते हैं और पूरी निष्ठा से जनता को लाभान्वित करने में जुटे रहते हैं, किन्तु पूर्णता की गारंटी कोई नहीं दे सकता। इसलिए निरंतर सुधार और सेवा भावना के साथ कार्य करना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी सी.ए. रितेश जैन एडवोकेट सम्यक जैन पार्षद रितेश जैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का किया दंत परीक्षण, दिए आवश्यक सुझाव

शासकीय महाविद्यालय करंजिया में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**करंजिया, नवभारत।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. दुर्गा सिंह भवेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया, जिसका संचालन एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शत्रुशूदन सिंह के निर्देशन में हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व से अवगत कराना था। शिविर अंतर्गत विशेष रूप से दंत परीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्माइल डेंटल केयर एवं ट्रांसप्लांट सेंटर से आए चिकित्सकों डा. विजय श्रीवास्तव, डा. निहारिका काले, शिवानी टेकाम एवं रोशनी धुर्वे ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। चिकित्सकों ने दंत स्वच्छता, उचित ब्रशिंग तकनीक, संतुलित आहार तथा दांतों की नियमित जांच की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.एससी. एवं बी.ए. संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।